श्रेष्ठ सुप्रभात

**धन आपके अहंकार, गर्व, वासना और मोह का कारण नहीं होना चाहिए, बल्कि यह दूसरों की मदद करने का एक साधन होना चाहिए।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT

NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 24.0 | 8.0 |
| बीकानेर | 24.0 | 9.0 |
| जयपुर | 26.0 | 8.0 |

E- Paper NEXT 0022

newsexcellenttoday.com | 02 जनवरी 2025, गुरुवार | पौष, शुक्ल पक्ष तृतीया - 2081


## कलेक्टर व एसपी ने किया बीकानेर- श्रीडूंगरगढ़ एनएच का निरीक्षण, दुर्घटनाओं पर अंकुश की कवायद

**NEXT** बीकानेर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने बीकानेर- श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाइवे का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पहले ही दिन सघन दौरा करते हुए जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने और सड़कों को आवश्यक मानकों के अनुसार दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि दुर्घटना संभावित चौराहों व रोड कट को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, कैट आई, रिफ्लेक्टर, साइनेज बोर्ड आदि लगवाए जाएं। मुख्य मार्गों पर हुए अवैध कब्जों तथा अनाधिकृत और नियम विरुद्ध होर्डिंग, रोड किनारे लगे बोर्ड एवं निर्माण सामग्री तुरंत प्रभाव से हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ट्रैफिक लाइटें चालू स्थिति में रहें तथा आमजन द्वारा इनकी पालना भी सुनिश्चित की जाए। ऐसा नहीं होने पर यातायात नियमों के उल्लंघन की कार्यवाही हो।

जिला कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त डिवाइडर्स ठीक करने, बंद स्ट्रीट लाइटें चालू करवाने और बिजली के अनुपयोगी पोल हटाने के लिए निर्देशित किया। दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो हाइमास्क लाइट लगवाने, उचित स्थान पर रिफ्लेक्टर, ब्लिंक लाइट लगाने, दृष्टि बाधित करने वाली झाड़ियों व अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन एवं एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों पर पेट्रोल पंप में आने और जाने वाले रास्ते को निर्धारित मापदंडों के अनुसार करवाने के निर्देश दिए।




जिला कलेक्टर ने वाहन प्रदूषण जांच केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मशीन को मेंटेन रखने, गाड़ी को सही स्थान पर पार्किंग करने व नियमित रूप से वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने, हेलमेट और सीट बेल्ट बिना वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाइवे पर संचालित ढाबों के आगे वाहनों की अनावश्यक कतार नहीं रहे। साथ ही ऑटोमोबाइल दुकानों के प्रदर्शन वाहन रोड पर नहीं रहे।

पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों की पालना जरूरी है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्य मार्गों का नियमित निरीक्षण करें और यातायात मानकों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रहे, यह सुनिश्चित करें।

इस दौरान यूआईटी सचिव डॉ. अपर्णा गुप्ता, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अनिल पांडिया, यातायात पुलिस निरीक्षक नरेश निर्वाण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थानी भाषा और साहित्य के विकास को नई दिशा

### किरण राजपुरोहित और विमला नागला को मिलेगा राजस्थानी साहित्य सम्मान

**NEXT** राजस्थानी भाषा, महिला लेखन और बाल साहित्य को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मरुभूमि शोध संस्थान, श्रीडूंगरगढ़ ने इस वर्ष के महिला लेखन सम्मान और बाल साहित्य सम्मान की घोषणा की है। संस्थान के अध्यक्ष श्याम महर्षि ने बताया कि महिला लेखन सम्मान के लिए जोधपुर की लेखिका किरण राजपुरोहित 'नितिला' की लघुकथा पांडुलिपि **आंख्यां आळा आंधा** का चयन किया गया है। वहीं, बाल साहित्य सम्मान के लिए केकड़ी की लेखिका विमला नागला की बाल कथाओं की पांडुलिपि **बातां री मुळक** को चुना गया है।

दोनों साहित्यकारों को 21 फरवरी को श्रीडूंगरगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।





सम्मान समिति के संयोजक रवि पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही, प्रकाशित कृतियों पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में पर चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## तोलियासर धाम भैरव मंदिर में 2025 का आगाज़ रातभर चली पूजा-अर्चना, हजारों श्रद्धालु उमड़े






**NEXT** तोलियासर धाम के भैरव मंदिर में 2024 की अंतिम रात और 2025 की पहली सुबह भक्ति और उल्लास से सराबोर रही। रात 9 बजे शुरू हुए अष्टोत्तर शतनाम जप और महारूद्राभिषेक के साथ बाबा भैरव का विशेष श्रृंगार किया गया। इस भव्य आयोजन में श्रीभैरव भक्त मंडल ने छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया।

**आध्यात्मिकता और उत्सव का संगम**

पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में नववर्ष का स्वागत भव्य आतिशबाजी और भक्तों के जयकारों के साथ किया गया। आधी रात के बाद तक भक्तगण बाबा के दरबार में भक्ति भाव से झूमते रहे। सुबह 5 बजे तक चले इस आयोजन ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा और नववर्ष का शुभारंभ करने का पवित्र अवसर प्रदान किया।

**हजारों श्रद्धालु उमड़े दर्शन के लिए**

नववर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर में उमड़ पड़ा। बुधवार की सुबह से ही भक्त बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। बाबा के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। भक्तों ने बाबा के चरणों में धोक लगाई और अपने परिवार के लिए मन्नतें मांगी।

इस दौरान मंडल सदस्य अशोक झाबक, विमल चुरा, नवीन झाबक, देवेंद्र उपाध्याय, दीपक सेठिया, आदर्श व्यास, भैरव बोहरा सहित भक्त मंडल के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी द्वारा अस्पताल और जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी ने सर्दी के मौसम में मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंदों को 100 कंबल वितरित किए। सोसायटी के सेवादार आमीर खान ने जानकारी दी कि विष्णु सारस्वत द्वारा संस्था को 100 कंबल प्रदान किए गए थे। इन कंबलों में से 40 कंबल उपजिला अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद मरीजों को वितरित किए गए, जबकि बाकी 60 कंबल अन्य जरूरतमंदों में बांटे गए।

इस अवसर पर उपजिला अस्पताल




प्रभारी डॉ. एस. के. बिहाणी, रमाकांत शर्मा, प्रेम सारस्वत सहित अन्य सेवादार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सोसायटी के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

## पीएम आवास योजना के तहत 38 लाभार्थियों को मिले 11 लाख 40 हजार रुपये

**NEXT** नगरपालिका श्रीडूंगरगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 38 लाभार्थियों को 11 लाख 40हजार रूपये आवंटित किये गये।

योजना प्रभारी जितेन्द्र भोजक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 30हजार रुपये की कुल 38किश्तें प्रदान की गई। भोजक ने कहा कि योजना 2.00 में नवीन आवास हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ है।

जिन व्यक्तियों के पास स्वयं के स्वामित्व का पट्टेशुदा रिक्त भूखण्ड है, वो ई-मित्र के माध्यम से नवीन निर्माण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

## श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में मध्यप्रदेश की पुलिस, कस्बे के बड़े प्रतिष्ठानों पर पूछताछ, चोरी का बड़ा मामला

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा बड़े प्रतिष्ठानों पर गहन पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के गांव सत्तासर का एक व्यक्ति मध्यप्रदेश के एक घर से 1 करोड़ रुपये के आसपास की गोल्ड ज्वेलरी और 40 लाख के लगभग नगदी पर हाथ साफ करके आ गया। पुलिस ने जब जांच की तो सामने आया कि उसने श्रीडूंगरगढ़ कस्बे के कुछ व्यापारियों को चोरी का सामान बेचा है। उसके आधार पर श्रीडूंगरगढ़ पुलिस के साथ मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी कस्बे के उन संदिग्ध प्रतिष्ठानों पर पूछताछ कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली एक ओर जानकारी के अनुसार मामला हाई लेवल का है और पुलिस इसमें कोई कोताही नहीं बरतना चाहती।

### विवाहिता के साथ दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की 33 वर्षीय विवाहिता ने युवक भींयाराम मेघवाल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।